an>

title: Need to connect Buxar in Bihar to other cities of the country.

**श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) :** माननीय अध्यक्ष जी, बिहार एवं उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित मेरा संसदीय क्षेत्र बक्सर मर्यादा पुरुÂषोत्तम श्री राम की दीक्षा और शिक्षा भूमि है। एक मुख्य केंद्र होने के कारण इसे केंद्र सरकार ने रामायण परिपथ से जोड़ने का निश्चय किया है। आजादी की लड़ाई में भी इसका महत्वपूर्ण स्थान रहा है। बिहार एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों सहित देश-विदेश से प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री यहां तीर्थाटन के लिए आते हैं। यहां पर माननीय मंत्री जी बैठे हुए हैं। मैंने उनसे पहले भी आग्रह किया था। मेरा सरकार से विशेÂष रूप से आग्रह है कि बक्सर स्थित राज्य सरकार की हवाई पट्टी के विस्तार एवं सौंदर्यीकरण की अति आवश्यकता को देखते हुए छोटे सेवा विमानों द्वारा बक्सर से पटना, भागलपुर, देवघर, पूर्णिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सारण, गया तथा बनारस तक गैर सेवा या फिर कम सेवा वाले हवाई अड्डों के जरिए छोटे-छोटे शहरों और बड़े शहरों के बीच हवाई सम्पर्क शुरू करवाया जाये। साथ ही बक्सर में एक नए अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का भी निर्माण कराया जाये। माननीय प्रधान मंत्री जी वहां गये थे, उन्होंने मिनी काशी कहकर उसे विकसित करने के लिए कहा है। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:**

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।